aglasem.com

HBSE MODEL PAPER 2024



Practice Papers

MODEL PAPERS

Marking Scheme

ANSWER KEY

schools.aglasem.com

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड

नमूना प्रश्न पत्र (2023-24)

कक्षा-XII विषय: समाजशास्त्र कोड: 585

समय : 3 घंटे **कुल अंक : 80**

Time : 3 Hours **Total Marks : 80**

सामान्य निर्देश : -

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है, प्रश्न पत्र कुल चार भागों में विभक्त है।
2. प्रश्न पत्र में कुल 38 प्रश्न है।
3. भाग 1 में क्रम संख्या 01 से 20 तक के प्रश्न शामिल है, सभी प्रश्न 1-1 अंक के है सभी प्रश्न बहु वैकल्पिक प्रश्न है।
4. भाग 2 में क्रम संख्या 21 से 29 तक के प्रश्न शामिल है, सभी प्रश्न 2-2 अंक के है सभी प्रश्न अति लघुउत्तरात्मक है, अधिकतम 30 शब्दों में उत्तर देवे।
5. भाग 3 में क्रम संख्या 30 से 35 तक के प्रश्न शामिल है, सभी प्रश्न 4-4 अंक के है सभी प्रश्न लघुउत्तरात्मक है, अधिकतम 80 शब्दों में उत्तर देवे।
6. भाग 4 में क्रम संख्या 36 से 38 तक के प्रश्न शामिल है, सभी प्रश्न 6 -6 अंक के है सभी प्रश्न दीर्घ उत्तरात्मक है, अधिकतम 200 शब्दों में उत्तर दे, प्रश्न सं. 36 का उत्तर गद्यांश की सहायता से देवे।

General Instructions: -

1. **This question paper consists of 38 questions, which are divided into four sections: A,B,C,D.**
2. **All the questions are compulsory.**
3. **Question no 1 of Section A consists of Twenty Multiple choice questions. Each question carries 1 mark.**
4. **Question no 21 to 29 of Section B consists of ninevery short answer typequestions. Theanswer to each question may be given in about 25-30 words. Each question carries 2 marks.**

5. **Question no 30 to 35 of Section C consists of six short answer type questions. The answer to each question may be given in about 75-125 words. Each question carries 4 marks.**
6. **Question no 36 to 38 of Section D consists of three long answer type questions. The answer to each question may be given in about 150-200 words. Each question carries 6 marks. Question no 36 will be answered with the help of given passage.**

प्रश्न सं.	प्रश्न	अंक
	भाग – 1 **PART – A**	
1	उपनिवेशवाद ने अपने किस शत्रु को जन्म दिया ? (अ) राष्ट्रवाद (ब) भाषावाद (स) जातिवाद (द) औधोगिकरण Which enemy did colonialism give rise to? (a) Nationalism (b) linguistics (c) Casteism (d) industrialization	1
2	मनुष्य सदैव गरीबी में जीने हेतु पैदा हुआ है। कथन किसका है ? (अ) हर्बट स्पेंसर (ब) एडम स्मिथ (स) कार्ल मार्क्स (द) रॉबर्ट माल्थस Man is born to live in poverty forever. Whose statement, is it? (a) Herbert Spencer (b) Adam Smith (c) Karl Marx (d) Robert Malthus	1

3	संस्कृतिकरण की अवधारणा किसने दी ? (अ) एम. एन. श्रीनिवास (ब) जी. एस. घुरिये (स) चार्ल्स कूले (द) माल्थस Who gave the concept of 'Sanskritization'? (a) M.N. Srinivas (b) G. S. Ghurye (c) Charles Cooley (d) Malthus	1
4	द वेल्थ ऑफ़ नेशन पुस्तक के लेखक कौन है ? (अ) एम. एन. श्रीनिवास (ब) एडम स्मिथ (स) कार्ल मार्क्स (द) रॉबर्ट माल्थस Who is the author of the book 'The Wealth of Nation'? (a) M.N. Srinivas (b) Adam Smith (c) Karl Marx (d) Robert Malthus	1
5	सामाजिक संसाधन पूंजी के किस रूप में विभाजित नहीं किये जा सकते है ? (अ) आर्थिक पूंजी (ब) सांस्कृतिक पूंजी (स) धार्मिक पूंजी (द) सामाजिक पूंजी Social resources cannot be divided into which forms of capital? (a) economic capital (b) Cultural capital (c) religious capital (d) social capital	1

6	सामाजिक इकाईयों की वह श्रेणी जो कि ना तो पुरुष और ना ही स्त्री के रूप में रेखांकित की जा जाती है, क्या कहलाती है ? (अ) ट्रांस जेंडर (ब) थर्ड जेंडर (स) फोर्थ जेंडर (द) जीरो जेंडर What is the category of social units which are neither defined as male nor female? (a) Trans gender (b) Third gender (c) Fourth gender (d) zero gender	1
7	अस्पृश्यता के तीन आयाम में निम्न में से कौनसा नहीं है ? (अ) अपवर्जन या बहिष्कार (ब) शोषण (स) अनादर व अधीनता (द) समानता Which one of the following is not one of the three dimensions of untouchability? (a) exclusion or exclusion (b) exploitation (c) disrespect and subordination (d) equality	1
8	राज्य एक ऐसा निकाय होता है जो एक विशेष क्षेत्र में विधिसम्मत एकाधिकार का सफलतापूर्वक दावा करता है, यह कथन किसका है ? (अ) मैक्स वेबर (ब) इमाइल दुर्खीम (स) कार्ल मार्क्स (द) अगस्त कोम्टे State is such a body which successfully claims a legal monopoly in a particular area, whose statement is this? (a) Max Weber (b) Emile Durkheim (c) Karl Marx (d) August Comte	1

9	स्वतंत्रता के पश्चात भी भारत बड़े बड़े प्रान्तों में जिन्हें प्रेसीडेंसी कहा जाता था, बँटा हुआ था , निम्न में से कौनसी प्रेसीडेंसी नहीं थी ? (अ) कलकता (ब) बम्बई (स) मद्रास (द) दिल्ली Even after independence, India was divided into large provinces called Presidencies, which of the following was not a Presidency? (a) Calcutta (b) Bombay (c) Madras (d) Delhi	1
10	कौनसी प्रणाली के अंतर्गत सामान्यत: निर्धारित प्रश्नों को अपेक्षाकृत बड़ी संख्या में लोगों से पूछा जाता है ? (अ) साक्षात्कार (ब) सर्वेक्षण (स) अनुसूची (द) अवलोकन Under which system, generally set questions are asked to a relatively large number of people? (a) interview (b) survey (c) schedule (d) observation	1
11	निम्न में से सार्वजनिक परिवहन का साधन कौनसा नहीं है ? (अ) मेट्रो (ब) लोकल बस (स) रेलगाड़ी (द) मोटरसाईकिल Which of the following is not a mode of public transport? (a) Metro (b) local bus (c) train (d) motorcycle	1

12	किसी घटना को देखकर उसका अध्ययन करने की विधि क्या कहलाती है ? (अ) प्रश्नावली (ब) व्यक्तिक अध्ययन (स) अवलोकन (द) सर्वेक्षण What is the method of studying an event by observing it called? (a) Questionnaire (b) individual study (c) observation (d) survey	1
13	सन् 1960 में किस अंग्रेज व्यापारी ने हुगली नदी के किनारे से लगे तीन गांव कोलिकाता, गोविंदपुर, सुतानुती को पट्टे पर लिया ? (अ) जॉब चारनाक (ब) जार्ज फोर्ड (स) विलियम फोर्ड (द) वेबर In the year 1960, which English businessman took three villages Kolkata, Govindpur, Sutanuti on lease on the banks ofRiverHooghly? (a) Job Charnock (b) George Ford (c) William Ford (d) Weber	1
14	द सोर्स ऑफ़ नालेज पुस्तक के लेखक कौन है ? (अ) राममोहन राय (ब) रानाडे (स) ज्योतिबा फूले (द) कंदुकिरी विरशलिंगम Who is the author of the book The Source of Knowledge? (a) Ram Mohan Roy (b) Ranade (c) Jyotiba Phule (d) Kandukiri Virasalingam	1

15	हरित क्रांति का दूसरा चरण कब शुरू हुआ ? (अ) 1960 के दशक में (ब) 1970 के दशक में (स) 1980 के दशक में (द) 1990 के दशक में When did the second phase of Green Revolution start? (a) in the 1960s (b) in the 1970s (c) in the 1980s (d) in the 1990s	1
16	भारत में उदारीकरण की नीति कब अपनायी गयी ? (अ) 1990 के दशक में (ब) 1980 के दशक में (स) 1970 के दशक में (द) 2000 के दशक में When was the policy of liberalization adopted in India? (a) in the 1990s (b) in the 1980s (c) in the 1970s (d) in the 2000s	1
17	स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत में कुल कितने रेडियो स्टेशन थे ? (अ) 5 (ब) 6 (स) 7 (द) 10 How many radio stations were there in India at the time of independence? (a) 5 (b) 6 (c) 7 (d) 10	1

18	भारत का सबसे पहला लंबे समय तक चलने वाला सोप ओपेरा कौनसा था ? (अ) बुनियाद (ब) हम लोग (स) रामायण (द) महाभारत Which was the first long running soap opera of India? (a) buniyaad (b) hum log (c) Ramayana (d) Mahabharata	1
19	भारतीय राष्ट्रवादियों के लिए स्वतंत्रता का प्रथम संग्राम था ? (अ) 1857 का संग्राम (ब) 1942 का भारत छोड़ो आन्दोलन (स) 1957 का संग्राम (द) 1842 का संग्राम Which was the first war of independence for Indian nationalists? (a) War of 1857 (b) Quit India Movement of 1942 (c) War of 1957 (d) War of 1842	1
20	उत्तरी पहाड़ियों की एक महिला गुफिआलो कौनसे आन्दोलन में भाग लेकर मशहूर हुई ? (अ) भारत छोड़ो आन्दोलन (ब) सविनय अवज्ञा आन्दोलन (स) चिपको आन्दोलन (द) चम्पारण आन्दोलन Gufialo, a woman from northern hills became famous by participating in which movement? (a) Quit India Movement (b) Civil Disobedience Movement (c) Chipko Movement (d) Champaran movement	1

	भाग – 2 **PART – B**	
21	हकदारी की पूर्ति का अभाव क्या है ? What is lack of fulfilment of entitlement?	2
22	सहप्रसविता या कुवेद प्रथा क्या है ? What is Sahaprasvita or KuvedaPratha?	2
23	अनुसूचित जनजाति किसे कहते है ? What is Scheduled Tribe?	2
24	'भाषायी राज्यों ने भारतीय एकता को मजबूत करने में सहायता की है' उक्त के सन्दर्भ में दो तर्क दीजिये । 'Linguistic states have helped in strengthening Indian unity' Give two arguments in the context of the above.	1 +1
25	राज्य तथा राष्ट्र में कोई दो अन्तर स्पष्ट करें । Explain any two differences between state and nation.	1 +1
26	'स्मार्ट सिटी' की अवधारणा क्या है ? What is the concept of 'smart city'?	2
27	हित समूह या दबाव समूह किसे कहते है ? What is interest group or pressure group?	2
28	भारत सरकार के कौनसे कार्यक्रम है ? जो रोजगार व स्वरोजगार को संभव बनाते है । What are the programs of the Government of India? Which make employment and self-employment possible.	1 +1
29	जनजातीय आन्दोलन के कोई दो उदाहरण बताईये । Give any two examples of tribal movement.	1 +1
	भाग – 3 **PART – C**	
30	निम्न के बारे में संक्षेप में समझाईये - 1. भूमंडलीकरण 2. उदारीकरण 3. संस्कृतिकरण 4. प्रभु जाति Briefly explain the following - 1. Globalization 2. Liberalization 3. Sanskritization 4. Dominion caste	1+1+ 1+1

31	अन्य पिछड़ा वर्ग क्या है यह अनुसूचित जाति से अलग कैसे है ? मंडल आयोग की भूमिका बताईये। What is OBC, how is it different from Scheduled Caste? what is the role of Mandal Commission.	1+1+ 2
32	परियोजना कार्य क्या है ? सर्वेक्षण प्रणाली को समझाईये । What is project work? Explain the survey system.	2 + 2
33	निम्न के बारे में समझाईये – 1. महलबाड़ी 2. रैयतबाडी 3. हदबंदी 4. संविदा खेती Explain about the following – 1. Mahal Bari 2. Ryotwari 3. demarcation 4. Contract farming	1+1+ 1+1
34	भूमंडलीकरण के कोई चार आयाम संक्षेप में समझाइये । Briefly explain any four dimensions of globalization.	1+1+ 1+1
35	चिपको आन्दोलन व किसान आन्दोलन को समझाइये । Explain Chipko movement and Kisan movement.	2 + 2
	भाग – 4 **PART – D**	
36	राजा राम मोहन राय ने सती प्रथा का विरोध करते हुए न केवल मानवीय व प्राकृतिक अधिकारों से सम्बंधित आधुनिक सिद्धान्तों का हवाला ही नहीं दिया बल्कि उन्होंने हिन्दू शास्त्रों का भी सन्दर्भ दिया । शिक्षा की नयी प्रणाली में आधुनिक और उदारवादी प्रवृति थी, यूरोप में हुए पुनर्जागरण, धर्मसुधारक आन्दोलन और प्रबोधन आन्दोलन से उत्पन्न साहित्य को सामाजिक विज्ञान और भाषा साहित्य में शामिल किया गया, इस नए प्रकार के ज्ञान में मानवतावादी, पंथनिरपेक्ष और उदारवादी प्रवृतियाँ थी ।	1+1+ 1 1+1+ 1

कंदुकिरी विरशलिंगम की पुस्तक 'द सोर्स ऑफ़ नालेज' में नव्य-न्याय के तर्कों को देखा जा सकता है, उन्होंने जुलियस हक्सले एक प्रख्यात जीव विज्ञानी द्वारा लिखे ग्रंथों को भी अनुवादित किया।

रानाडे ने विधवा विवाह के समर्थन में शास्त्रों का सन्दर्भ देते हुए 'द टेक्स्ट ऑफ़ द हिन्दू लॉ' जिसमें उन्होंने विधवाओं के पुनर्विवाह को नियम के अनुसार बताया, इस सन्दर्भ में उन्होंने वेदों के उन पक्षों का उल्लेख किया जो विधवा पुनर्विवाह को स्वीकृति प्रदान करते है और उसे शास्त्र सम्मत मानते है।

1. राजा राम मोहन राय ने सती प्रथा के विरोध में किसका सन्दर्भ दिया ?
2. कंदुकिरी विरशलिंगम ने किसके लिखे ग्रंथों को भी अनुवादित किया ?
3. शिक्षा की नयी प्रणाली में किस प्रकार की प्रवृतियाँ थी ?
4. 'द टेक्स्ट ऑफ़ द हिन्दू लॉ' के लेखक कौन है ?
5. 'द सोर्स ऑफ़ नालेज' में क्या देखा जा सकता है ?
6. पुनर्जागरण का आन्दोलन कहाँ हुआ ?

Raja Ram Mohan Roy not only cited the modern principles related to human and natural rights, but he also referred to Hindu scriptures while opposing the practice of Sati.

The new system of education had a modern and liberal tendency, the literature generated from the Renaissance, the Reformation movement and the Enlightenment movement in Europe were included in social science and language literature, this new type of knowledge had humanistic, secular, and liberal tendencies.

The arguments of Navya-Nyaya can be seen in Kandukiri Virasalingam's book 'The Source of Knowledge, he also translated texts written by Julius Huxley an eminent zoologist.

In support of widow remarriage, Ranade referred to the scriptures in 'The Text of the Hindu Law' in which he described the remarriage of widows according to the rules, in this context he mentioned those aspects of the Vedas which allow widow remarriage. And it is considered to be in accordance with the scriptures.

	1. To whom did Raja Ram Mohan Roy refer in his protest the practice of Sati? 2. Who wrote the Kandukiri Virasalingam and also translated the texts ? 3. What are the trends in the new system of education? 4. Who is the author of 'The Text of the Hindu Law'? 5. What can be seen in 'The Source of Knowledge'? 6. Where did the renaissance movement take place?	
37	जनसांख्यिकीय लाभांश की स्थिति क्या है ? जनसांख्यिकीय संक्रमण के सिद्धान्त को समझाइये । अथवा टिप्पणी करें – 1. आयु संरचना 2. साक्षरता दर 3. जनसंख्या नीति What is the status of demographic dividend? Explain the theory of demographic transition. Or Make a comment - 1. Age Structure 2. Literacy rate 3. Population Policy	2 + 4 2+2+ 2
38	ग्राम सभा क्या है ? पंचायती राज की त्रिस्तरीय प्रणाली का वर्णन करें । अथवा हरित क्रांति के सकारात्मक व नकारात्मक परिणामों की विस्तार से चर्चा करें। What is Gram Sabha? Describe the three-tier system of Panchayati Raj. Or Discuss in detail the positive and negative consequences of Green Revolution.	1 + 5 3 + 3